इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट

# भारतीय शटलरों का हैदराबाद में जलवा



**हैदराबाद 9 नवम्बर.** हैदराबाद में आयोजित इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने ऐसा प्रदर्शन किया कि पूरा स्टेडियम तालियों से गूंज उठा। पांच में से चार खिताब अपने नाम कर भारत ने यह साबित कर दिया कि देश अब केवल क्रिकेट का नहीं, बल्कि बैडमिंटन का भी केंद्र बन चुका है।

- पांच में से चार खिताब भारत के नाम हुए
- लक्ष्य सेन, अश्मिता चालिहा ने जीते सिंगल्स खिताब
- साई प्रणीत की वापसी ने दर्शकों को रोमांचित किया
- डबल्स में भी भारत का दबदबा कायम रहा

> डबल्स कैटेगरी में भी भारतीय जोड़ी ने कमाल कर दिया। पुरुष डबल्स में अर्जुन एम.आर. और ध्रुव कापिला की जोड़ी ने अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाते हुए शानदार जीत हासिल की, जबकि महिला डबल्स में गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जॉली की जोड़ी ने एक बार फिर अपनी काबिलियत साबित की। दोनों जोड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया, जो भारतीय बैडमिंटन के बढ़ते स्तर का स्पष्ट प्रमाण है। पूर्व राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद ने भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा कि देश के युवा खिलाड़ी अब मानसिक रूप से और भी मज़बूत हुए हैं।भारत में अब बैडमिंटन की एक नई लहर है। इन युवाओं में जीत की भूख है और यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है, उन्होंने कहा।इस टूर्नामेंट में साई प्रणीत की वापसी भी सुर्खियों में रही। चोट से उबरने के बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल तक शानदार खेल दिखाया। हालांकि वे आगे नहीं बढ़ सके, लेकिन उनके प्रदर्शन ने यह साफ कर दिया कि वे अब भी भारतीय टीम के लिए भरोसेमंद खिलाड़ी हैं। भारतीय बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष हिमांता बिस्वा सरमा ने कहा कि यह नतीजे आने वाले ओलंपिक की तैयारी के लिहाज से बेहद उत्साहजनक हैं।

घरेलू मैदान पर खेले गए इस टूर्नामेंट में भारत के युवा और अनुभवी खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल के साथ जीत की झड़ी लगा दी। पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन ने अपने तेज़ शॉट्स और सटीक नेट प्ले से विपक्षियों को कोई मौका नहीं दिया।

फाइनल में उन्होंने मलेशिया के लियांग जून हाओ को 21-16, 21-14 से हराकर ट्रॉफी उठाई। मैच के बाद लक्ष्य ने कहा, घर के दर्शकों के सामने जीतना सबसे बड़ी खुशी होती है। यह जीत सिर्फ मेरी नहीं, पूरे भारत की है।महिला एकल वर्ग में असम की अश्मिता चालिहा ने शानदार खेल दिखाते हुए थाईलैंड की चत्चोनचाव सुवान्नापाट को मात दी।



# श्रीमंत ने जीता सिल्वर

**नयी दिल्ली, 09 नवम्बर ।** भारत के गौरव श्रीमंत झा ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का परचम लहराया है। उन्होंने हंगरी के रेप्सेलक शहर में आयोजित हंगरी पैरा-आर्म रेसलिंग वर्ल्ड कप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 90 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में झा ने बेहतरीन ताकत, तकनीक और अनुभव का प्रदर्शन किया। शुरुआती राउंड से ही उन्होंने विरोधियों को कड़े मुकाबले में पराजित किया और सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहां उन्होंने हंगरी के शीर्ष खिलाड़ी जानोस नागी को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा, जिसमें श्रीमंत झा ने जोरदार चुनौती दी, लेकिन मामूली अंतर से गोल्ड से चूकते हुए रजत पदक हासिल किया। श्रीमंत झा ने अपनी इस उपलब्धि को देश के वीर जवानों को समर्पित किया। उन्होंने कहा, मेरी हर जीत उन सैनिकों के लिए है जिन्होंने देश की सुरक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान की। यह सिल्वर मेडल मैं उन सभी शहीदों को समर्पित करता हूं उनकी यह भावनात्मक प्रतिक्रिया न केवल खेल भावना बल्कि राष्ट्रप्रेम की मिसाल भी पेश करती

है। हंगरी पैरा-आर्म रेसलिंग

- 90 किलो वर्ग में रजत पदक हासिल
- 60 अंतरराष्ट्रीय मेडल जीतने वाले बने लीजेंड

वर्ल्ड कप 2025 का आयोजन 7 से 9 नवंबर 2025 तक हुआ, जिसमें दुनिया भर से सैकड़ों पैरा-एथलीट्स ने भाग लिया। झा ने पूरे टूर्नामेंट में जबरदस्त धैर्य और दृढ़ निश्चय दिखाया। कई बार पिछड़ने के बावजूद उन्होंने वापसी करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया।

# पाक ने द. अफ्रीका को हराया

**फैसलाबाद, 09 नवंबर** अबरार अहमद (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद सैम अयूब (77) और मोहम्मद रिजवान (नाबाद 32) के शानदार प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 149 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

दक्षिण अफ्रीका को 37.5 ओवर में 143 रन के स्कोर पर समेटने के बाद पाकिस्तान ने 25.1 ओवर में तीन विकेट पर 144 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में फखर जमान (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये बाबर

- तीसरा एक दिवसीय मैच 7 विकेट से जीता पाकिस्तान
- तीन मैचों की सीरीज भी 2-1 से जीती

आजम ने सैम अयूब के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़े। इसी दौरान 11वें ओवर में बाबर आजम (27) रनआउट होकर पवेलियन लौट गये। मोहम्मद रिजवान ने सैम अयूब के साथ 65 रनों की साझेदारी कर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

# डी. गुकेश बाहर, तीन भारतीय टाई ब्रेक में भिड़ेंगे

**पणजी, 09 नवंबर** ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानंधा ने बीच के गेम में मिली मामूली बढ़त का पूरा फायदा उठाते हुए आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर रॉबर्ट होवहानिस्यान को हरा दिया। इस तरह चार

- फिडे विश्वकप 2025

भारतीयों ने शनिवार को यहां जारी फ़िडे विश्व कप 2025 के चौथे राउंड में जगह पक्की कर ली, जबकि विश्व चैंपियन गुकेश डी. हारकर बाहर हो गए।

प्रज्ञानंधा, जिन्हें तीसरे राउंड में पहुंचने के लिए लंबा टाईब्रेक खेलना पड़ा और फिर काले मोहरों से पहला गेम ड्रॉ करना पड़ा, खुद



को मुश्किल स्थिति में पा गए क्योंकि ऐसा लग रहा था कि होवहानिस्यान ने भारतीय की शुरुआती बढ़त को खत्म कर दिया है। लेकिन तीसरे सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय खिलाड़ी के पास एक स्पष्ट रणनीति थी और उन्होंने 27वीं चाल में अपनी रानी और हाथी के साथ काले मोहरों के राजा पर दबाव बनाकर मैच पर नियंत्रण कर लिया। आर्मेनियाई खिलाड़ी ने अंततः 42 चालों के बाद हार मान ली।

> कुल 10 भारतीय खिलाड़ी फ़िडे विश्व कप 2025 के तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। यह सिंगल-एलिमिनेशन नॉक-आउट टूर्नामेंट है जिसमें 82 देशों के 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित विश्वनाथन आनंद कप के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जिसका नाम इस भारतीय दिग्गज के नाम पर रखा गया है। सफ़ेद मोहरों से पहला गेम जीतने वाले हरिकृष्णा ने बेल्जियम के ग्रैंडमास्टर डैनियल दर्धा के खिलाफ एक त्वरित ड्रॉ खेलने के बाद अगले दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने।

# क्या बड़े बदलाव की तैयारी है? सैमसन के बदले जडेजा

**नयी दिल्ली, 09 नवम्बर रवींद्र जडेजा के बदले संजू सैमसन - एक ऐसी संभावना जिसे कभी आईपीएल हलकों में न केवल दूर की कौड़ी बल्कि पूरी तरह असंभव माना जाता था, अब**

- सीएसके और आरआर गंभीरता से कर रहे विचार

**अटकलें नहीं रह गई हैं। पिछले कुछ दिनों में व्यापार समझौते पर सक्रिय बातचीत शुरू हो गई है। यह अभी भी, जैसा कि अमेरिका में कहा जाता है, एक निश्चित सौदा नहीं है - लेकिन क्रिकबज इस बात की पुष्टि कर सकता है कि चेन्नई सुपर**





**किंग्स और राजस्थान रॉयल्स इस व्यापार पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।**

क्रिकबज ने 7 नवंबर को इस संभावना के बारे में बताया था। जडेजा और सैमसन दोनों ही 18 करोड़ रुपये के खिलाड़ी हैं और अब तक यह सौदा पक्का हो चुका होगा। हालांकि, समझा जाता है कि राजस्थान रॉयल्स अभी सीधे अदला-बदली के लिए तैयार नहीं है। माना जा रहा है कि फ्रेंचाइजी किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल करने पर ज़ोर दे रही है, जो अंततः पेच का कारण बन सकता है। ऐसा माना जा रहा है कि रॉयल्स प्रबंधन ने कुछ अन्य फ्रेंचाइजी- जैसे सनराइजर्स हैदराबाद- को भी चुना है, इसके अलावा लखनऊ सुपर जायंट्स, दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी टीमों के साथ अपने संवाद के चैनल खुले रखे हैं।

ऐसा समझा जाता है कि सीएसके-आरआर सौदे में सबसे बड़ी बाधा दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी डेवाल्ड ब्रेविस की मांग है, जो पिछले सीजन के बीच में सीएसके में शामिल हुए थे। तब से, यह दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी वैश्विक फ्रेंचाइजी सर्किट में शीर्ष बल्लेबाजों में से एक बन गया है।

# एलेना रयबाकिना बनीं नई चैंपियन

## डब्ल्यूटीए फाइनल्स में सबालेंका को हराया



**रियाद, 9 नवंबर.** महिला टेनिस की दुनिया में एक नया अध्याय लिखते हुए कजाकिस्तान की एलेना रयबाकिना ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब अपने नाम कर लिया। उन्होंने विश्व नंबर-1 आर्यना सबालेंका को सीधे सेटों में 6-3, 7-6 (7-4) से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीतों में से एक दर्ज की। 2022 की विंबलडन चैंपियन

- लगातार 11वीं जीत से सीजन खत्म

रयबाकिना ने अपने मजबूत सर्व और तेज रिटर्न शॉट्स के दम पर सबालेंका जैसी दिग्गज खिलाड़ी को पूरी तरह दबाव में रखा। पहले सेट में रयबाकिना ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। उन्होंने पहले ही गेम में ब्रेक हासिल किया और 6-3 से पहला सेट अपने नाम किया।

दूसरे सेट में सबालेंका ने वापसी की कोशिश की, लेकिन रयबाकिना की स्थिरता और मानसिक मजबूती ने उन्हें टाई-ब्रेकर में 7-4 से जीत दिलाई। यह जीत रयबाकिना के लिए बेहद खास रही, क्योंकि उन्होंने अपने करियर में पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब जीता। इसके साथ ही उन्होंने सीजन का अंत लगातार 11वीं जीत के साथ किया — जो किसी भी खिलाड़ी के लिए शानदार उपलब्धि मानी जाती है।

## एक नजर में



### दीप्ति शर्मा पहुंचीं भगवान महाकाल के दर पर

**उज्जैन.** हाल ही में महिला क्रिकेट विश्व कप जीतकर देश का गौरव बढ़ाने वाली भारतीय क्रिकेट टीम की सदस्य दीप्ति शर्मा ने रविवार तड़के विश्व प्रसिद्ध भगवान महाकालेश्वर मंदिर में आयोजित भस्म आरती में भाग लिया। उन्होंने आरती के दौरान भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर देश की समृद्धि व टीम इंडिया की सफलता के लिए बाबा महाकाल का धन्यवाद किया। दीप्ति शर्मा प्रात:काल मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने पारंपरिक तरीके से आरती में सम्मिलित होकर श्रद्धाभाव से दर्शन किए।

# मेसी ने इंटर मियामी को सेमीफाइनल में पहुंचाया

**मियामी, 09 नवंबर** लियोनेल मेसी और तादेओ अलेंदे के दो-दो गोल की बदौलत इंटर मियामी ने शनिवार को अपने प्लेऑफ सीरीज के निर्णायक मैच में नैशविले को 4-0 से हराकर एमएलएस ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

- एमएलएस ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस टूर्नामेंट
- नैशविले को 4-0 से हराया
- 2 गोल किए मेसी ने
- 2 गोल किए अलेंदे ने

अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता मेसी ने 10वें मिनट में मेजबान टीम को बढ़त दिलाई जब उन्होंने 20 गज की दूरी से ड्रिबल किया



> इस परिणाम के साथ इंटर मियामी ने 2-1 से सीरीज जीत ली और ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस के अंतिम-4 में एफसी सिनसिनाटी के खिलाफ एक ही मैच में भिड़ंत की तैयारी कर ली।

और फिर पेनल्टी एरिया के किनारे से गोल दागा।मेसी ने माटेओ सिल्वेटी के शॉट के बाद 18 गज की दूरी से साइड-फुटिंग कर गोल करके बढ़त दोगुनी कर दी। मेजबान टीम ने अलेंदे की मदद से स्कोर 3-0 कर दिया, जिन्होंने जोर्डी अल्बा के कट-बैक के बाद गोलकीपर जो विलिस को छकाते हुए पहला प्रयास किया। सेल्टा विगो के लोन पर आए अलेंदे ने 76वें मिनट में मेसी की सटीक थ्रू बॉल पर विलिस के ऊपर से शॉट मारकर टीम को जीत दिलाई।

# रोमांचक मुकाबले में कीवी जीते

**नेल्सन, 09 नवंबर** डेवोन कॉन्वे (56) और डैरिल मिचेल (41) की शानदार बल्लेबाजी के बाद जेकब डफी और ईश सोढ़ी (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम न्यूजीलैंड ने तीसरे टी-20 के रोमांचक मुकाबले में वेस्टइंडीज पर नौ रनों से जीत दर्ज की। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली हैं।

ईश सोढ़ी को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। वेस्टइंडीज 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय 12.3 ओवर में 88 रन पर आठ विकेट खो गंवा चुकी थी और उसकी हार निश्चित नजर आ रही थी। ऐसे संकट के समय शमर स्प्रिंगर और रोमारियो शेफर्ड की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की जमकर

- तीसरे टी-20 में विंडीज को 9 रन से हराया
- सीरीज में न्यूजीलैंड ने 2-1 से बढ़त बनाई
- ईश सोढ़ी बने प्लेयर ऑफ द मैच

खबर ली। इस जोड़ी ने नौवें विकेट के लिए सिर्फ 39 गेंदों में 78 रन जोड़कर वेस्टइंडीज की जीत की उम्मीदों को जिंदा रखा।

उपलब्धि ▶ गिनीज रिकॉर्ड तोड़ा, रचा नया कीर्तिमान

# रोहताश ने पुश-अप्स में रचा नया इतिहास

**नयी दिल्ली, 09 नवंबर। देश के फिटनेस हीरो और फिट इंडिया एंबेसडर रोहताश चौधरी ने शनिवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में ऐसा कारनामा किया, जिसने पूरे देश को गर्व से भर दिया। उन्हें अब इंडिया के पुश-अप मैन के नाम से जाना जाएगा।**

उन्होंने पीठ पर 60 पाउंड (लगभग 27 किलो) का पैक रखकर मात्र एक घंटे में 847 पुश-अप्स पूरे कर नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया। यह रिकॉर्ड पहले सीरिया के खिलाड़ी के नाम था, जिन्होंने 820 पुश-अप्स किए थे। यह ऐतिहासिक प्रदर्शन खेल मंत्रालय के फिट इंडिया अभियान के तहत आयोजित हुआ, जहां खुद केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया मौजूद रहे। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की आधिकारिक टीम ने मौके पर ही रोहताश की उपलब्धि की पुष्टि की और उन्हें विश्व रिकॉर्ड धारक घोषित किया।

खेल मंत्री मांडविया ने रोहताश को बधाई देते हुए कहा, रोहताश चौधरी आज पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। वह फिट इंडिया की भावना को साकार कर रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस सपने को आगे बढ़ा रहे हैं जिसमें भारत को एक फिट, मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना है। रोहताश ने इस रिकॉर्ड को भारतीय सेना और

- 60 पाउंड वजन के साथ लगाए 847 पुश-अप्स
- फिट इंडिया की भावना के प्रतीक बने

ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित किया। भावुक लहजे में उन्होंने कहा, नवंबर 2024 में मैंने 704 एक पैर वाले पुश-अप्स कर एक रिकॉर्ड बनाया था, जो मैंने हमारे प्रधानमंत्री को समर्पित किया था। आज का रिकॉर्ड मैं भारतीय सेना और ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित करता हूं — जो हमारे देश की ताकत, अनुशासन और एकता का प्रतीक है उन्होंने आगे कहा कि फिट इंडिया अभियान ने अब एक नया सामाजिक आंदोलन शुरू किया है — प्रदूषण-मुक्त और स्वस्थ भारत के लिए रविवार को साइकिल चलाने की पहल।

उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे फिटनेस को केवल व्यक्तिगत रुचि नहीं, बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य के रूप में अपनाएं।इस आयोजन में हजारों स्कूली बच्चे, फिटनेस प्रेमी और फिट इंडिया एंबेसडर मौजूद थे जिन्होंने रोहताश की ताकत और जज़्बे को तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा। माहौल इतना जोश से भरा था कि हर पुश-अप के साथ दर्शकों की गिनती और हौसला-अफ़जाई बढ़ती चली गई। कार्यक्रम स्थल पर लगे बैनरों पर लिखा था — हर भारतवासी फिट, तभी देश सुपरहिट।यह नारा फिट इंडिया आंदोलन की उस भावना को दर्शाता है जो देश में स्वास्थ्य को नई प्राथमिकता बना रही है। रोहताश की यह उपलब्धि केवल शारीरिक क्षमता की नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता और अनुशासन की मिसाल भी



है। उन्होंने महीनों तक सख्त ट्रेनिंग ली, नियंत्रित डाइट फॉलो की और रोज़ाना कई घंटों की कसरत से खुद को तैयार किया। उन्होंने कहा, हर पुश-अप के साथ मैंने सोचा कि यह मेरे देश की ताकत और सम्मान के लिए है। यही भावना मुझे अंत तक मजबूती देती रही। दिल्ली के खेल प्रेमियों के लिए यह दृश्य अविस्मरणीय रहा। स्टेडियम में उपस्थित बच्चों ने 'जय हिंद' और 'फिट इंडिया' के नारे लगाकर माहौल को देशभक्ति से भर दिया। आयोजन के अंत में खेल मंत्री ने रोहताश को सम्मानित करते हुए कहा, आपने आज यह साबित किया है कि भारतीय युवा अगर ठान लें तो दुनिया का कोई रिकॉर्ड अटूट नहीं।